**खबर संक्षेप**

## जल संवाद में सहभागिता करेंगे मण्डला के प्रतिभागी

**मण्डला।** मण्डला में मृत हो रहे नदियों और नालों के पुर्नजीवन के लिए गजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक दल भोपाल में आयोजित हो रहे मास्टर ट्रेनर कार्यशाला में सहभागिता करेगी। कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के एप.पी. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (मेपकास्ट) द्वारा विज्ञान भारती और विभावाणी इंडिया के साथ मिलकर किया जा रहा है। विभावाणी इंडिया के मध्यप्रदेश चैप्टर के जनरल सेक्रेटरी गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि जल संवाद मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का उद्देश्य जल के अत्यधिक दोहन से,जल संकट समस्या, पीने की पानी की पर्याप्त उपलब्धता न होना, भूमिगत जल में कमी,वर्षा जल का प्रबंधन, ग्रे-वॉटर का शुद्धिकरण एवं परंपरागत जल संरचनाओं का संरक्षण करने के लिए जन-जन से संवाद एवं दायित्व का बोध कराना है। भोपाल में आयोजित हो रहे जल संवाद के लिए विभावाणी इंडिया के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ चैप्टर की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश चैप्टर की अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति सिंह ने की। मध्यप्रदेश चैप्टर के जनरल सेक्रेटरी गजेंद्र गुप्ता ने बैठक की प्रस्तावना रखी। जल संवाद अभियान के नेशनल की-पर्सन सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि,दिनों-दिन पानी की समस्या बढ़ रही है। नदियां मर रही हैं। जल संवाद का प्रमुख उद्देश्य पानी के संकट के प्रति लोगों को जागरूक करना है। लोग पानी की समस्या के जड़ को जानें, समझें। पानी को लेकर साक्षर हों। कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर अपने कार्यक्षेत्र गांव और शहर में जाकर लोगों के साथ विषय को साझा करेंगे। पानी एक विस्तृत विषयहै, पानी स्वास्थ्य, पर्यावरण, आजीविका एवं अन्य विषयों से जुड़ा हुआ है। पानी के माध्यम से इन विषयों में हस्तक्षेप किया जा सकता है।

## बोर्ड परीक्षाओं को संपन्न कराने कलेक्टर प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

# सुरक्षित प्रश्न पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी

*** मोबाईल एप के माध्यम से रहेगी नजर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हाईस्कूल तथा हायरसेकेंडरी परीक्षा के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन जिला योजना भवन में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को बेहतर ढंग से संपन्न कराने में कलेक्टर प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझते हुए उनका पूरी ईमानदारी से निर्वहन सुनिश्चित करें। समय का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संबंधित एसडीएम तथा जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम को सूचित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत क्षमा सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, सहायक आयुक्त लालशाह जगेत सहित संबंधित उपस्थित रहे।

बैठक सह कार्यशाला में बताया गया कि पुलिस थाना से सम्बंधित परीक्षा केन्द्र की गोपनीय सामग्री पूर्ण गोपनीयता एवं सुरक्षा के साथ परिवहन किया जायेगा। कलेक्टर प्रतिनिधि बोर्ड परीक्षा के केन्द्राध्यक्ष से सम्पर्क कर मण्डल द्वारा निर्धारित ऐप के माध्यम से सम्बंधित पुलिस थाना पर उपस्थित होकर निर्देशानुसार थाने से प्रश्नपत्र निकलवाने, परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित पहुंचाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही का पर्यवेक्षण करेंगे। सुनिश्चित करें कि केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त शिक्षकों एवं किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल फोन नहीं हो तथा केन्द्राध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षकों को प्रदत्त प्रश्नपत्रों के पैकेट शील्ड हैं एवं उन्हें आवंटित कर पंजी प्रविष्टि कर हस्ताक्षर करायें गये हैं। सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्रों का शील्ड बॉक्स केन्द्राध्यक्ष द्वारा प्रातः 8रू30 बजे के पूर्व नहीं खोला गया है तथा प्रातः 8:45 बजे के पूर्व पर्यवेक्षकों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रत्येक परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 10 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर परीक्षा के सुचारू रूप से प्रारम्भ होने के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र को छोडेंग़े। पुलिस थाना से गोपनीय सामग्री निकालने हेतु केन्द्राध्यक्ष सहायक केन्द्राध्यक्ष, थाना प्रभारी एवं पुलिस थानों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि के समक्ष प्रश्नपत्र थाने से निकालने की कार्यवाही की जावेगी। प्रश्नपत्रों को थाने से परीक्षा केन्द्र तक ले जाते समय टेaकिंग की व्यवस्था की गई है। यह ट्रेकिंग मोबाइल एप के माध्यम से की जावेगी। कलेक्टर प्रतिनिधियों को मोबाईल एप के इंस्टालेशन एवं उपयोग सम्बंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।



## माध्यमिक शाला आईटीआई के विद्यार्थी पहुंचे रेवा प्रसादी प्रकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माँ नर्मदा की परिक्रमा करने वाले भक्तगण जहां भक्ति की दृष्टि से पूज्य माने जाते हैं तो वहीं नर्मदा तट पर रहने वाले इन परिक्रमावासियों की सेवा कर माँ नर्मदा की ही भक्ति प्रदर्शित करते हैं। नर्मदा तट पर इन परिक्रमावासियों की सेवा रेवा प्रसादी प्रकल्प के माध्यम से की जा रही है प्रकल्प के ऐसे लगभग दर्जनभर आश्रम हैं जहां परिक्रमावासियाों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था की जाती है। माँ नर्मदा की कृपा से ये प्रकल्प अब न केवल जिले में बल्कि पूरे नर्मदा क्षेत्र में एक विशेष पहचान बनाते जा रहे हैं। विभिन्न धार्मिक अवसरों पर इन प्रकल्पों के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी आयोजित किये जाते हैं यही कारण है कि अब अध्ययनरत छात्र-छात्रायें एवं शिक्षकगण भी इन प्रकल्पों की यात्रा कर इनके कार्य को देखने एवं समझने आने लगे हैं इसी कड़ी में शासकीय माध्यमिक शाला आईटीआई की छात्र-छात्रायें एवं शिक्षकगण यूथ एवं ईको क्लब के तत्वाधान में देवगांव संगम स्थित माँ रेवा प्रसादी प्रकल्प पहुंचे जहां उन्होंने प्रकल्प के कार्यो को नजदीक से देखा एवं परिक्रमा के विषय में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। इसके बाद बच्चों ने देवगांव संगम का भ्रमण कर हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नजदीक से देखा।

## परीक्षा पर चर्चा, सीधे प्रसारण पर प्रधानमंत्री से रूबरू हुई छात्राएं



**भुआबिछिया।** शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' पर टी व्ही से सीधा प्रसारण दिखाकर सहभागिता सुनिश्चित कराईं गई। अनेक राज्यों के छात्र-छात्राओं के विचार जो प्रश्न के रूप में प्रधानमंत्री से पूछे गए प्रश्नों का छात्रों को प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उत्तर से प्रेरणा प्राप्त हुई। इस दौरान छात्राओं के अलावा विद्यालय के प्राचार्य और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी में होगा 51 बटुकों का जनेउ संस्कार

**मण्डला।** रविवार को सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में माहिष्मति सर्व ब्राम्हण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर होने वाले आयोजनों के संबंध में रूपरेखा बनाई गई। ब्राम्हण सभा के सचिव अशोक दुबे ने बताया कि 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर इस बार 51 ब्राम्हण बटुकों का जनेउ संस्कार किया जाएगा। जनेउ संस्कार के लिए भगवान परशुराम मंदिर एवं बंजर चैक स्थित साइंकृपा स्टेशनरी में पंजीयन कराया जा सकता है। बताया गया कि हर साल माहिष्मति सर्व ब्राम्हण सभा द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर ब्राम्हण बच्चों का जनेउ संस्कार कराया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी यह आयोजन भव्यता के साथ नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में किया जाएगा। बैठक में पं. आकाश दीक्षित, संतोष शुक्ला, मनोज तिवारी, रमाकांत मिश्रा, श्याम दुबे, चारू शुक्ला, बंटी उपाध्याय, आरिन मिश्रा, रिषि राजन तिवारी, संजय बाजपेयी, श्याम दुबे, मणि तिवारी, साधना दुबे, उपदेश उपाध्याय आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एमपी ट्रांसको मण्डला के पिंटू यादव ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मंडला ट्रांसमिशन लाइन मेनटेनेंस कार्यालय में पदस्थ पिंटू यादव ने इंदौर में आयोजित हुई अंतर विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता के 65 किलोग्राम वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की है। फाइनल में पिंटू यादव ने भोपाल के अपने प्रतिद्वंद्वी को बाइफाल चित कर पूरे 10 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इस कामयाबी से पिंटू यादव का महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, वह एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके पहले भी पिंटू यादव वर्ष 2021 में रजत पदक और 2022 में कांस्य पदक जीता था। पिंटू यादव की इस उपलब्धि पर एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने बधाई और अखिल भारतीय स्पर्धा के लिए चयन होने पर एमपी ट्रांसको की तरफ से शुभकामनाएँ दी हैं।

## नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का सामूहिक आयोजन इस वर्ष 02 अवसरों पर किया जा रहा है पहली परिक्रमा 20 अप्रैल से प्रारंभ होकर 21 अप्रैल को संपन्न होगी तो दूसरी परिक्रमा 04 मई से प्रारंभ होकर 05 मई को पूर्ण होगी। इन परिक्रमाओं में जिले एवं प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेशों के नर्मदा भक्त भी शामिल होंगे जिनकी संख्या हजारों में होगी इन नर्मदा भक्तों की इस परिक्रमा यात्रा को लेकर परिक्रमा मार्ग पर विश्राम, आवास एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता को लेकर उत्तवाहिनी नर्मदा परिक्रमा समिति के सदस्यों ने विगत दिवस जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय कुशराम से भेंट की और उन्हें इस परिक्रमा पर यात्रा मार्ग में आवश्यक सुविधाओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने समिति को आश्वासन दिया कि वे हर संभव प्रयास करेंगे ताकि जिले एवं बाहर प्रदेशों से आने वाले नर्मदा भक्तों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। इसके लिये उन्होने इस परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाली पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर मूलभूत सुविधाओं पर विचार करने को कहा साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के मण्डला प्रवास के दौरान उन्होंने नर्मदा परिक्रमा पथ पर पंचायतों के माध्यम से मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की बात कही थी जिसे श्री पटेल ने स्वीकार करते हुये इस पर कार्य करने को कहा।

**परीक्षा पे चर्चा** | **स्वयं से प्रतिस्पर्धा की प्रधानमंत्री ने दी सलाह।**

# लिखने की आदत डालें आज के विद्यार्थी





*** परीक्षा पर चर्चा का जिला स्तरीय कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विद्यार्थियों से सीधी बात करते हुए तनाव मुक्त परीक्षा एवं समय प्रबंधन पर दिया गया मार्गदर्शन विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें अगर असफलता भी मिलती है तो निराश ना क्योंकि निराशा से ही आशा की किरण फूटती है। प्राचार्य कल्पना नामदेव द्वारा आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के 25 कमरों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को दिखाया गया। इस आयोजन में उत्कृष्ट विद्यालय के साथ-साथ रानी अवंती बाई विद्यालय एवं गर्ल्स महाराजपुर स्कूल के भी छात्राएं सम्मिलित हुई। विद्यार्थियों ने इस प्रेरक कार्यक्रम के माध्यम से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में तनाव मुक्त रहकर अच्छे रिजल्ट प्राप्त करने की प्रेरणा प्राप्त की। इस आयोजन में उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुये प्रधुम्न दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला निवासी ब्रजेश दुबे के पुत्र प्रधुम्न दुबे ने गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड में जो कि दिल्ली में आयोजित हुई थी उसमें शामिल होकर जिले का नाम बढ़ाया है। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस की इस परेड में शामिल होना आसान कार्य नहीं इसके लिये महाविद्यालय स्तर से लेकर यहां तक पहुंचने में बहुत लम्बा सफर तय करना होता है पहले महाविद्यालय से 10-10 चुनिंदा बच्चों को चयन कर उसे बटालियन में चयन हेतु लाया जाता है और फिर इन बच्चों में से बेहतर 10 बच्चों का बटालियन में चयन होता है इस तरह जबलपुर से 10 से 15 बच्चे चयन कर प्री-आर.डी.सी. केम्प में लाया गया जहां 01 महीने उनकी कड़ी ट्रेनिंग होती है और फिर इसके बाद इन बच्चों में से बेहतर बच्चों का चयन कर उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिये चयनित किया जाता है जहां पुनः एक केम्प आयोजित होता है और इन सभी केडिट्स को लम्बी ट्रेनिंग दी जाती है इतने मुकाम के बाद गणतंत्र दिवस की इस परेड में शामिल होने का अवसर प्राप्त होता है और इन सभी पड़ाव को पार करते हुये प्रधुम्न दिल्ली की राष्ट्रीय परेड जो गणतंत्र दिवस में पूरी दुनिया के लिये आकर्षण का केन्द्र होती है शामिल हुये इसके ठीक एक दिन बाद 27 जनवरी को एनसीसी केडिटों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे जहां एक विशेष आयोजन में इन सभी एनसीसी केडिटों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री, सीडीएस तथा सेना के तीनों प्रमुख अधिकारी एवं एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों पर लगे रहे सवालिया निशान?

**मनकवारा/गाडरवारा।** जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र की सुविधा हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं तथा अपने कोटे की निधि से विकास कार्य तो करवाये जाते हैं लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से इन निधियों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाता और लाखों करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित विकास कार्यों की चंद महीनों में ही पोल खुलने से नही बच पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर कुछ महिनों पहले किये गये विकास कार्य जहां अपनी गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए नजर आ रहे है? क्षेत्रवासियों द्वारा जनचर्चाओं के दौरान बताया जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक गांवों व ग्राम पंचायतों में जिस प्रकार से पूर्व में विधायक, सांसद सहित अन्य निधियों से निर्मित पुलिया, सीसी रोड, पंचायत भवन, शाला भवन, चबूतरे तथा अन्य निर्माण किये गए हैं साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित भी विकास कार्य जनप्रतिनिधियों के प्रयासो से हुए हैं वह अपनी गुणवत्ता की कहानी इस प्रकार से बताते हुए देखे जा रहे है जिससे सरकारी राशि विकास कार्यो के नाम पर खर्च की गई उसका औचित्य ही समाप्त होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्य शासकीय अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से हुए हैं, उन निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर भवन, सीमेंट मार्ग, मुरमीकरण, कुँआ निर्माण काम किये गये है उनमे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जिसके चलते इन निर्माण कार्यों की पोल अब खुल रहते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि जहां पंचायतों में चंद दिनों पहले बनाये गये सीमेंट मार्ग उधड़ रहे हैं, भवनों में दरारे निकलने से वह जर्जर होते हुए दिखाई दे रहे है?

### पेंशन को मोहताज है अशिक्षित विधवाएं

**सांईखेड़ा।** शासन ने वृद्धो, विकलांगो, असहाय विधवाओं को मासिक पेंशन देने की योजना जरूर शुरू की है, लेकिन हकीकत है कि मासिक पेंशन राशि पाने के लिए क्षेत्र की अनेक अशिक्षित विधवाओं व वृद्धो को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि गांवो में पंचायत सचिवों के गोरख धंधें के कारण भर बुढ़ापे में वृद्ध, अपना सुहाग गवॉं चुकी महिलाएँ वंचित रहती है, उन्हे न तो समय पर पेंशन राशि मिलने की जानकारी दी जाती है और न ही कम पढ़े होने से बैंको से वे आसानी से पेंशन राशि ले पाते है। क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायत के सचिवो पर आरोप यह भी है कि वे वृद्धो विधवाओं को पेंशन के भुगतान में गड़बड़ झाला भी कर देते है और कथित तौर पर वृद्धजनों की एकाध माह की पेंशन राशि भी गोल कर देते है? यही नही ग्राम पंचायतों में वृद्धों की पेंशन स्वीकृत कराने में भी विलम्ब का खेल चलता है, जिसके चलते चलने फिरनें से असमर्थ वृद्धों, निराश्रित विधवाओं कों जनसुनवाई में अधिकारियों की शरण में जाना पड़ता है, विधवा पेंशन लेने वाली महिलाओं की माने तो पहले निर्धारित समय पर उनकी पेंशन का पैसा मनी आर्डर से आता था, जिससे बहुत सुविधा रहती थी, अब पेंशन लेने बैंको में जाना पड़ता है जहां अशिक्षित होने की वजह से उन्हे मुसीबत होती है और बैंको के कर्मचारी भी उनकी उपेक्षा करते है।

### स्कूली समय पर नगर के अंदर से गुजर रहे भारी वाहनों पर पुलिस प्रशासन की उदासीनता हो रही उजागर

**गाडरवारा।** इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले स्टेशन रोड सहित नगर के अंदर जिस प्रकार से स्कूली समय पर भारी वाहनों को निकलते हुये देखा जा रहा है उसके चलते आये दिन जहां नगर में अंदर जाम की स्थिति निर्मित होते हुये देखी जा रही है, वही दूसरी ओर स्कूली बच्चों की जिन्दगी भी खतरों से खाली दिखाई देने से नही चूक पा रही है? क्योंकि नगर का राठी तिरहा से स्टेशन तक का प्रमुख मार्ग इस प्रकार का माना जाता है, जहां पर अनेक स्कूलों के आलवा न्यायालय, तहसील कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सहित रजिस्टार आफिस, बिजली आफिस, पुलिस थाना सहित अनेक निजी स्कूल संचालित हो रहे है।

यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारी हो सकते है बेनकाब....?

# जंगल क्षेत्र के पंचायतों में शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरा पड़े हुये निर्माण कार्य पुरूस्कार के हकदार बनने वाले अधिकारियों की कार्य शैली पर खड़े कर रहे सबाल





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा/सिंहपुर छोटा।** यह बात अलग है कि बीते हुये पंचायत का कार्यकाल बदले हुये नये पंचायतों के गठन को भी एक साल से अधिक का समय बीतने को है। मगर यदि पंचायतों द्वारा जिस तरह विकास कार्यो में नाम पर शासन की राशि की होली खेली गई है उसकी सच्चाई जंगल क्षेत्र के उन गांवों में देखने आसानी से मिल सकती है जहां पर विकास कार्यो के नाम पर पैसा तो खर्च हुआ है मगर अधूरे पड़े हुये विकास कार्य पंचायत के बीते हुये कार्यकाल के जनप्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रही है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत जंगल क्षेत्र में आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है? बताया जाता है कि बीते हुये पंच वार्षिय पंचायतों के कार्यकाल के दौरान इन गांवों में निर्माण कार्यो के नाम पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी जहां निर्माण कार्य आज भी अधूरे दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपया खर्च होने के साथ साथ पंचायतों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से कागजों में जहां ओडीएफ इसके बाद ओडीएफ प्लस के रिकार्ड के दस्ताबेजों में नई नबेली दुल्हन की तरह सजाकर जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर उत्कृष्ठ पुरूस्कार लेने के हकदार तो बन गये है। मगर इन पंचायतों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि लोगों के घरों में आज भी अधूरे पड़े हुये शौचालय गफलतबाजी का अधिकारियों को आईना दिखाने से नही चूक रहे है और शौचालय निर्माण के लिये खोदे गये गड्ढे लोगों के लिये कचरादान बन जाने के कारण शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है? मगर इस सबके बाद हैरत तो इस बात को लेकर देखने मिल रही है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर देश में आयोजित होने वाली सबसे बुद्विमान दर्ज की परीक्षा को सफल करने अधिकारियों के हाथों में बागडोर होने के बाद भी उनके अधिनस्थ आने वाले क्षेत्रों में इस तरह दौड़ रही गफलत बाजी की रैलगाड़ी को वह खुद ही हरि झंडी दिखाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है? यह बात अलग है कि जब जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जाता है कि इसकी जानकारी ब्लाक से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियो को पहले ही मिल जाने के चलते वह अपनी पंचायतों को दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों के स्वागत हेतु तैयार तो कर लिया जाता है और इसी के चलते यहां की वास्तविक सच्चाई उजागर होने से बच जाती है? यदि यही सक्षम अधिकारी अचानक बगैर किसी पूर्व सूचना के जंगल क्षेत्र के गांवों का अचानक दौरा कर लेवे तो हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस सच्चाई पर मुहर लगने से नही चूक पायेगी..? मगर वह कहाबत है कि थोडे थोड़े में सभी की सोंझआई होती है तो नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को सब कुछ दीप की आग के सामने काली लता भी हरियाली फैलाते हुये शीतलता का प्रसाद काटने से नही चूकती है? जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जंगल क्षेत्र की पंचायतों का रूख किया जावे तो यहां पर हाई स्कूल से लेकर शमशान घाट सहित शौचालयों का अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य तथा गांवों में फैल रही गंदगी जो देश के प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश में मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने का ग्रहण लगाते हुये देखी जा रही है। वही निश्चित तौर से निष्ठावान बनकर उत्कृष्ठ पुरूस्कार के लिये ताल ठोकने वाले अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ेगे? वही दूसरी ओर यदि जो निर्माण कार्य हो भी चुके है तो वह चंद दिनों के अंदर टूटते हुये अपनी गुणवत्ता की कहानी बया करने से नही चूक रहे है, पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो की किसी निष्ठावान अधिकारी से जांच कराई जावे तो सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिन सक्षम अधिकारियों के लिये जिले से लेकर तहसील स्तर पर निगरानी करने के जिम्मेदारी सौपी गई है वह अपने कार्यालयों से निकलना तक उचित नही समझते है और दूसरी ओर मान लिया जावे कि जब कभी कही किसी पंचायत या क्षेत्र का निरीक्षण करने की औपचारिकता निभाई जाती है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले से ही सूचना देखकर पहुंचने के चलते गफलत बाजी की सच्चाई आंखों से ओझल होने से नही चूक पाती है? इसी का परिणाम है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम बुद्विमान अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बैठे हुये कर्मचारियों द्वारा पूर्णरूप से पंचायतों के विकास कार्यो के नाम पर शासन की राशि की होली खेलते हुये विकास कार्यो की गति को मात्र कागजों पर चलाते हुये देखने मिल रहा है? यदि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारियों द्वारा अचानक गोटीटोरिया क्षेत्र के जंगल पट्टी की ग्राम पंचायतों का अचानक दौरा किया जावे तो निश्चित तौर से पंचायतों के बीते हुये कार्यकाल के दौरान शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य अपना बोरिया विस्तर समेटकर घर बैठ चुके हुये सरपंचों सहित ब्लाक स्तर के सक्षम अधिकारियों की कार्य प्रणाली उजागर होने से नही बच पायेगी?

# राजीव राय के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री का किया गया भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** अपने कार्यकर्ताओं से लेकर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बीते हुये चुनाव में की गई मेहनत के चलते क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह की इतिहासिक जीत के चलते वह अपने कार्यकर्ताओं से लेकर संगठन के पदाधिकारियों के घर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त करने स नही चूक रहे है। इसी प्रकार से बीते हुये प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सालीचौका क्षेत्र के भ्रमण के दौरान भाजपा विधान सभा संयोजक राजीव राय के घर पहुंचे जहां पर राजीव राय सहित उनके पुत्र हर्ष राय द्वारा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुझे जिस तरह गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की जनता ने स्नेह दिया गया है उसे मैं कभी भुला नही पाऊगा तथा क्षेत्र की हर नागरिक मेरे परिवार के सदस्य के रूप में है और कोई भी व्यक्ति अपनी परिवार के सदस्य को भूलना नही है। यदि आज मैं प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हूं तो आप लोगों के आर्शीवाद के चलते हूं। शासन के रिकार्ड में भले ही कैबिनेट मंत्री हूं पर मेरे विधान सभा क्षेत्र के हर नागरिक के लिये उसका बेटा, भाई हूं और जरूरत पडने पर मुझसे आधी रात का मदद के लिये पूर्ण अधिकार के साथ बोल सकते है मैं आप लोगों की मदद के लिये सदा ही तैयार रहूगा।

# गणतंत्र दिवस के अवार स्व. अशोक लोधी की स्मृति पर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से जब कोई व्यक्ति अपनों से सदा की लिये दूर हो जाता है तो उसके परिवारजन उसकी स्मृति में इस तरह के सराहनीय कार्यक्रम करते हुये देखे जाते है जिसके चलते दूर होने वाले व्यक्ति को सदा ही याद रखा जाने लगता है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका के युवा राजेश वर्मा द्वारा स्व अशोक लोधी की स्मृति में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने से नही चूकते है। हर साल की तरह इस साल भी बीते हुये गणतंत्र दिवस के अवसर शासकीय हाई स्कूल सहावन में स्वर्गीय अशोक कुमार लोधी की स्मृति में उनके छोटे भाई आशना पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार लोधी के द्वारा नगर में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम सौरभ वर्मा पिता गणेश प्रसाद वर्मा 97%4 तथा द्वितीय कुमारी जागृति पटेल पिता छिदामीलाल लाल पटेल 91% व द्वितीय स्थान अंजली पटेल पिता गिरीश लोधी 91% तृतीय स्थान पर रहने वाली शिवानी पटेल मनोज पटेल 86%6 को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से कक्षा 9वी मैं दीक्षा वर्मा पिता दीपचंद वर्मा 97%, पूनम विश्वकर्मा पिता भगवानदास 96%निकिता वर्मा पिता उत्तम वर्मा 96%। वही कक्षा 8वीं प्रथम गरिमा साहू 91% व पूजा पटेल91% तथा द्वितीय स्थान भावना घानिया 90% तो तृतीय स्थान गरिमा वर्मा सम्मानि किया गया। इसी प्रकार से कक्षा 5वी प्रथम अनुराधा अहिरवार 89%, द्वितीय स्थान राशिका लोधी 84% तथा तृतीय शोरभ मेहरा 83% रहते हुये अपने नगर का नाम रोशन करने वाले इन सभी बच्चों को शील्ड व गोल्ड मेडल लेकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में आईसना पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार लोधी ने कक्षा 10 के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम को लेकर हाई स्कूल के शिक्षकों भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मैं ग्राम सहावन के पुरुषोत्तम सिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष राधा बाई कमलेश अहिरवार, ग्राम सावन सरपंच बलबीर सिंह ठाकुर, पंचायत सचिव तेजराम वर्मा, अशोक कुमार सिलोकिया, भगवान दास पगरवार, राजकुमार वर्मा के अलावा संस्था के प्राचार्य सुशील कुमार शर्मा सहित शिक्षक सूर्यकांत मेहरा, लखन लाल चौधरी, शिरीष पाटकार, संजय कौरव, राजेन्द्र ठाकुर, प्रदीप पटैल, परषोत्तम राय, हेमराज राय कीर्तिलला सराठे, नीलम बमोरया परषोत्तम लोधी डेटा एंट्री ऑपरेटर, गनेश वर्मा अतिथि शिक्षक, विपुल तिवारी अतिथि शिक्षक, अंकिता मेहरा अतिथि शिक्षक , उमाशंकर वर्मा भृत्य, और ग्रामीण उपस्थित रहे।



# शहर के अनेक शासकीय संस्थाओं में आडिट सही कराने के लिये हर वर्ष होते है दर्जनों मुर्गे कुर्बान..?




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासकीय व्यवस्था है कि सरकार स्वयं सभी विभागों के कामकाज पर आसानी से नजर नही रख सकती इसके लिए यह व्यवस्था बनायी गयी कि साल में एक या दो बार शासन के द्वारा नामित संस्था के व्यक्तियों द्वारा इन शासकीय विभागों के कामकाज का ब्यौरा लिया जाये तथा संस्था के जो अधिकारी विभागों के काम काज संभाले हुए है उनके दस्तावेज एवं महत्वपूर्ण फाइलों की जांच करते है वे चार्टर एकाउटेंड होते है जिन पर सरकार को विश्वास होता है कि वे छोटी से छोटी गलती एवं बहुत ही चालकी से की गयी बड़ी से बडी गडबड़ियों को आसानी से पकड लेगे और इन सभी कार्यो का विस्तृत ब्यौरा से सरकार को अपने अधिकारियों के माध्यम से भेजते है, जिसके चलते शासकीय विभागों में ये ऑडीटर ऑडिट हेतु जाते है। मगर देखा जाता है कि वहां पर उनकी आव भगत किसी राजसी मेहमान से कम नही होती है जिसके चलते अक्सर शासकीय कार्यालयों में ऑडिट करने पहुंचने वाले इन अधिकारियों को उन शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा अच्छी से अच्छी होटलों में ठहराया जाता है तथा ऊंची कीमत के पेन से लेकर उपयोग की सभी उच्च स्तरीय की सामग्री उपलब्ध करायी जाती है तथा खान पान तो वैसे भी लक्जरी होता है जिसके चलते हर वर्ष आडिट के सीजन में इन शासकीय संस्थाओं में दर्जनों मुर्गे कुर्बान होने से नही बच पाते है? इनके शौक को देखते हुये हर तरह की व्यवस्था संपादित की जाती है तब कहीं जाकर ये विभाग के कर्मचारियों पर खुश होते हुए वह भी उनकी कमिशन बाजी में शामिल हो जाते है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इतनी सब व्यवस्थाएं इसलिए करवाते है कि उनके द्वारा किये गये अनेतिक कार्यो को ये नजर अंदाज कर इनके पक्ष मे रिपोर्ट पेश कर सके? इन सकारात्मक रिपोर्ट के लिए नगद राशि एवं बहु मूल्य उपहारों का भी जमकर लेन देन होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नीचे से लेकर ऊपर चल रही शासकीय व्यवस्थाओं के चलते भी लोग अच्छे दिन आने का अहसास कैसे कर पायेगे?

## रेत ढोने वाले वाहनों की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना



**हरिभूमि न्यूज/कौडिया।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढ़लाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा ककरा मार्ग से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलना मुश्किल हो जाता है, वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है? जबकि यह क्षेत्र पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत आने के बाद भी पहोला पुलिस की उदासीनता के चलते इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## नियम विपरित वाहनों में लगे हुये लाईट बन रहे दुर्घटनाओं के कारण

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्ध संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है, वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्ध लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# झिकोली पुल के बीच में खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर, लगता है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है किसी बड़ी घटना का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से शासन द्वारा गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए झिकोली नर्मदा घाट पर पुल का निर्माण कराया गया है उसके चलते इस मार्ग पर लगातार वाहनों की संख्या में जहां इजाफा होते हुए देखा जा रहा है, वही इस नर्मदा पुल के निर्माण होने के कारण लोगों को भोपाल पहुंचने में काफी सुविधाजनक मार्ग साबित होते हुए देखा जा रहा है? इस समय इस पुल के ऊपर वाहन चालकों की हो रही मनमानी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है..? बताया जाता है कि आये दिन देखा जाता है कि अनेक बड़े वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को पुल के ऊपर ही खड़ा करते हुए जहां मटर गस्ती करते हुए देखा जाता है तो वही दूसरी ओर अनेक वाहन चालक तो इस समय चल ठंड के मौसम में आसपास की दुकानों से नास्ता लेकर पुल के ऊपर खड़े होकर मटर गस्ती के साथ पुल के ऊपर खड़ा होकर उसे ग्रहण करना अपनी शान समझने लगे है? इस स्थिति के चलते जब कोई दूसरा वाहन इस मार्ग से निकलता है तो उसे पुल पार करने में काफी परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है। इस प्रकार से भारी भरकम ट्रकों सहित बसों व अन्य चार पाहिया वाहनों के चलाको द्वारा घंटो तक अपने वाहन खड़े किये जाने की सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा पूर्व में भी प्रशासन को अनेकोवार इस सच्चाई से अवगत कराया जा चुका है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने से अब यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासन ही कर रहा है कि बड़ी घटना का इंतजार? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष इसी प्रकार से जब दो मासूम इस पुल के ऊपर से पैदल गुजर रहे थें। उसी दौरान एक वाहन के अचानक आ जाने के बाद उसकी आवाज से घबराकर दो मासूम बच्चियाँ पुल के नीचे यानि की नर्मदा नदी में गिर जाने से उनकी मौत हो चुकी है इसके आलवा पुल के ऊपर वाहनों के खड़े रहने की स्थिति में अन्य घटनाएं भी घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज कर रहा है उसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? वही बताया जाता है कि ग्राम झिकोली सांईखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में आता है। मगर पुल पर प्रवेश करते ही सांईखेड़ा थाने की सीमा समाप्त होने के कारण जहां सांईखेड़ा पुलिस इन मनचले वाहन चालकों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने में असमर्थ जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर यह संपूर्ण पुल समीपस्थ उदयपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता हुआ बताया जा रहा है। जिसके चलते सही मायने में देखा जावे तो पुल के ऊपर खड़े होने वाली वाहनों को लेकर उदयपुरा पुलिस की उदासीनता किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण साबित हो सकती है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुल के ऊपर वाहन खड़े होते है तो उन्हे अपने वाहन निकालने में काफी परेशान होने के साथ साथ पुल के नीचे गिरने का भय तो बना ही रहता है, जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हुए अपना मूल्यवान काफी समय बर्बाद करना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो पाहिया वाहनों की देखी जाती है जब कोई व्यक्ति दो पाहियां वाहन पर किसी महिला को लेकर निकता है तो पुल के ऊपर खड़े हुये इन वाहनों के चलते जहां उसे अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर देखा जाता है, वही दूसरी ओर पुल के ऊपर खड़े रहने वाले मनचले वाहन चालकों की छिटाकशी का शिकार भी होते हुए देखा जाता है।

# कलेक्टर का नवाचार: दीदी कैफे संचालित कर समूह की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर








## दीदी कैफे में दिख रही डिंडौरी जिले की ग्रामीण परिवेष की झलक

## जिला प्रषासन के सहयोग से पहली बार महिलाएं कर रही कैफे का संचालन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कलेक्टर विकास मिश्रा के माध्यम से डिंडोरी में महिलाओं ने कदम बढ़ाया है। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यालय पर "आनंदम" दीदी कैफे एंड रेस्टोरेंट का संचालन शुरू किया है। महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में एसआरएलएम द्वारा यह पहल की गई है। इस कैफे एंड रेस्टोरेंट के संचालन के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। पुराने केंद्रीय विद्यालय के परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एसआरएलएम द्वारा महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से दीदी कैफे एंड रेस्टोरेंट का संचालन शुरू किया गया है। इस रेस्टोरेंट का संचालन होटल मैनेजमेंट का कोर्स पूर्ण करके आई समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस रेस्टोरेंट के संचालन के लिए पुराने केन्द्रीय विद्यायल परिसर में एक पुराने अनुपयोगी भवन का जनभागीदारी से जीर्णोद्धार कराकर उसे आकर्षक स्वरूप दिया गया है। रेस्टोरेंट का संचालन करने के लिए महिलाओं का एक समूह बनाया गया है। जो रेस्टोरेंट के माध्यम से लोगो को चाय, नाश्ता एवं पानी सहित भोजन आपूर्ति हेतु टिफिन सेंटर की सुविधा संचालित करेगी। हरिभूमि के डिसट्रिक्ट हेड अंकित चैरसिया ने इस अवसर पर महिलाओं को अभिप्रेरित करते हुए उनके इस कार्य की सराहना की।

### क्या है दीदी कैफे

दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत महिला समूह स्कूल और सरकारी ऑफिसों में कैंटीन संचालित करती हैं, जिसे दीदी कैफे कहा जाता है। इस योजना से समहू की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, इसके साथ ही स्कूलों में बच्चों को साफ-सुथरा खानपान की सामग्री भी उपलब्ध हो रही है। दीदी कैफे का फायदा-फिलहाल दीदी कैफे डिंडौरी में शुरू किया गया है, अब कलेक्टर ने जिले के अन्य कस्बे में कैफे शुरू करने की तैयारी में है। इसका मकसद शहरी गरीब सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार देना है, इसके अलावा इससे लोगों को साफ-सुथरा और उचित दाम पर खाना मिल सकेगा।

### इनका कहना है

जिला प्रषासन के सहयोग से पुराने भवन का जीर्णोद्धार कर दीदी कैफे का शुभारंभ कर नगरवासियों को सौंपा गया, जिसमें स्वसहायता समूह की दीदियों के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन परोस कर कम समय में सार्थक उपलब्धि प्राप्त की है, जिस तारतम्य में आगामी दिनों में मेंहदवानी और डिंडौरी के बाद करंजिया में भी कलेक्टर विकास मिश्रा के माध्यम से शीघ्र शुभारंभ करेंगे।

**श्रीमति मीना परते**
**जिला प्रबंधक आजीविका मिषन**

## खबर संक्षेप

### अब रोजगार दिवस का कार्यक्रम 1 फरवरी को आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि शासकीय चन्द्रविजय कालेज, डिण्डोरी में रोजगार दिवस के तहत स्वरोजगार मेला का आयोजन 31 जनवरी 2024 को आयोजित की जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि में परिवर्तन कर 01 फरवरी 2024 को सुनिश्चित की गई है। जिसमें शासन के विभिन्न स्वरोजगार संचालित करने वाले विभाग, बैंकर्स एवं रोजगार देनें वाली कंपनियो के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस रोजगार मेला में अधिक से अधिक संख्या में युवकध्युवतियां उपस्थित होकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु 5 फरवरी तक आयोजित होगा शिविर

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 30 जनवरी से 5 फरवरी 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय डिंडोरी में शिविर आयोजित की जाएगी। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियो को इस विशेष शिविर में संबंधित कार्यालय अंतर्गत लंबित पेंशन, परिवार पेंशन, पुनरीक्षित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### मॉडल स्कूल में सी.सी.एल.ई समारोह में रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज अमरपुर। विकासखंड अमरपुर में संचालित मॉडल स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में विद्यालय द्वारा सी.सी.एल.ई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं के चार ग्रुप बनाए गए हैं। जिसमें स्थानीय जनों का विशेष सहयोग रहा। गांव के अनेक वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों उपस्थित रहे। जहां छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिन्हें स्थानीय नागरिकों द्वारा परितोषक देकर हौंसला अफजाई किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वंदना ठाकुर ग्राम पंचायत सरपंच, सीताराम वनवासी पूर्व उपसरपंच, महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष रानी अवंती बाई समिति, बाबूलाल बर्मन, अशोक ठाकुर, आशीष ठाकुर, राजकुमार, पुरुषोत्तम ठाकुर, सिलोचना वनवासी वार्ड पंच, विद्यालय के आशीष मथेश प्रभारी प्राचार्य, उमा बर्मन अधिक्षिका, मिथलेश हनुमंत, शुभम ठाकुर, दीनदयाल धुर्वे, सर्गन चंदेल, प्रकाश ठाकरे, रोशन कछवाहा, संतोष प्रजापति, मंगल हंसदा, छवल परस्ते, शिव मरावी, संगीता कुलेश, पारूल श्रीवास्तव, संगीता पड़वार आदि शिक्षकगण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन शिक्षक महेश धुर्वे द्वारा किया गया।

### आटा चक्की में फंसकर महिला की मौत



अमरपुर। पुलिस चैकी मुख्यालय अमरपुर के मुख्य सड़क में संचालित जायसवाल आटा चक्की मशीन में सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे नेवसा निवासी मीराबाईध रतन दास बघेल उम्र 50 वर्ष चक्की में राई का तेल निकलवाने एवं कनकी पिसाई के लिए लेकर आई हुई थी। जानकारी अनुसार सामान अंदर रख बाहर निकल रही थी, तभी चलती हुई चक्की की पुल्ली में पहनी हुई साड़ी फंसकर लिपट गई। जिससे महिला भी कपड़े के साथ खींच गई। जिसका गला पुल्ली में फंस गया और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना गांव में आग की तरह फैल गई और चक्की के सामने भारी भीड़ लग गई। जानकारी होते ही चैकी प्रभारी अतुल हरदहा अपने दल बल के साथ पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित कर अपनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी। जहां मौके पर पंचनामा तैयार कर शव परीक्षण हेतु भेजा गया। पता लगते ही नायाब तहसीलदार आर पी मार्को, राम सजीवन वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मौके पर पहुंच जानकारी ली।



# मजदूरों को काम नहीं मशीनें कर रही काम

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

शासन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू कर मजदूरों को मजदूरी देने की गारंटी दी गई हैं। जिससे मजदूरों को काम की तलाश में पलायन न करना पड़े। मगर जनपद पंचायत अमरपुर में अधिकांश काम मशीनों से ही करा लिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर मजदूर मजबूर होकर काम की तलाश में दूसरे प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड़िया में तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा हैं। जहां पर 1 जेसीबी मशीन के साथ 6 ट्रैक्टर लगे हुए हैं। परंतु कार्यस्थल पर एक भी जवाबदार व्यक्ति नहीं मिला। साथ ही कार्यस्थल पर सूचना पटल भी नहीं लगा हैं। जिससे कार्य का मद, लागत मानव दिवस की जानकारी नहीं मिल सकी। मोबाइल से पूछे जाने पर सचिव शिव शंकर परस्ते द्वारा गुमराह करते हुए कहा गया कि कार्य की लागत लगभग 14 लाख होना बताया। फिर कहा गया कि पिछले वर्ष का काम हैं। जिसका लागत लगभग 5 लाख हैं। मनरेगा मद से कराया जा रहा हैं। इस तरह पूछे जाने पर सही जानकारी भी नहीं दी जाती हैं। ना ही कार्य स्थल पर बोर्ड लगाया जाता हैं। उपयंत्री का मोबाइल पहुंच से बाहर हैं, और सहायक यंत्री को जवाब देने की फुर्सत नहीं हैं।

### इनका कहना हैं

काम चल रहा हैं इसकी जानकारी मुझे नहीं हैं, मैं भ्रमण पर हूं जानकारी लेकर बताता हूं।

**-राम जीवन वर्मा सीईओ अमरपुर**

# शहपुरा में एसडीएम के अंधी हत्याकांड का हुआ खुलासा

## तकिया से मुंह दबाकर पति ने किया हत्या, साक्ष्य छुपाने की की कोशिश

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।



दिनाँक 28.01.2024 को समय करीब शाम 4 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा से वार्ड बाय राजेश यादव द्वारा अस्पताल शहपुरा से डॉक्टर रत्नेश दविवेदी द्वारा लिखित तहरीर भेजा गया है जिसमें मृतिका निशा नापित एसडीएम शहपुरा का मृत शरीर अस्पताल लाया गया है कि सूचना रोजनामचा में दर्ज कर मौके पर थाना प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी हमराह स्टॉफ के मौके में अस्पताल पहुँच जाँच कार्यवाही किया गया जिसमे मृतिका एसडीएम निशा नापित को उसका पति मनीष शर्मा उपचार कराने हेतु अस्पताल शहपुरा लाना बताया गया है डॉक्टर के द्वारा मृतिका के शरीर का अवलोकन किया गया जिसके मुह नाक से खून निकल रहा था घटना के संबंध में तत्काल जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एफएसएल टीम को सूचित किया गया जो सूचना मिलने पर शहपुरा अस्पताल में वरिष्ट अधिकारियों का आगमन हुआ उनके मार्ग दर्शन में मामले में गंभीरता से जाँच विवेचना कार्यवाही प्रारम्भ किया गया मनीष शर्मा निवासी ग्वालियर से शादी डॉट कॉम के माध्यम से जान पहचान होने पर एसडीएम निशा नापित एवं मनीष शर्मा दोनों ने दिनांक 03.10.2020 को गायत्री मंदिर मंडला में शादी किये थे मृतिका निशा नापित एसडीएम के दद्वारा अपने सर्विस बुक तथा बीमा, बैंक खाता में मनीष शर्मा का नामिनी के रूप में नाम दर्ज नहीं कराई थी इसी बातपर से निशा नापित एवं मनीष शर्मा के बीच में वाद विवाद झगडा होता था घटना स्थल निरीक्षण, गवाहो के कथन, पीएम रिपोर्ट, अन्य साक्ष्यों के आधार पर ज्ञात होता है कि मनीष शर्मा के द्वारा दिनाँक 28.01.2024 के करीबन 4 बजे के पूर्व में मृतिका एसडीएम निशा नापित के मुह नांक में तकिया से दबाकर हत्या किया है एवं साक्ष्य को छुपाने के लिये खून वाले कपड़ो को वासिंग मशीन में घुलने के लिये डाल दिया है तथा कुर्ती अन्य कपड़ो को धुलकर प्रगंण में सुखा दिया है मृतिका निशा नापित की शादी 03.10.2020 में हुई है जो मृतिका नव विवाहिता थी जिसकी विवेचना अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग शहपुरा के द्वारा विवेचना की जा रही है मामले में आरोपी मनीष पिता स्व.रघुबीर प्रसाद शर्मा उम्र 45 साल निवासी फ्लेट नं.ए 805 ब्लू बेरी डीबी सिटी थाना सिरोल ग्वालियर एवं मूल निवासी कुम्बरपुरा ठाठीपुर वार्ड नंबर 28 थाना ठाठीपुर जिला ग्वालियर का अपराध धारा 302,304 बी, 201 ताहि. का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जा रहा है। प्रकरण में पुलिस उपमहानिरीक्षण महोदय रेज बालाघाट एवं जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग शहपुरा महोदय जिला डिण्डौरी के मार्गदर्शन में थाना शहपुरा पुलिस के द्वारा 24 घण्टे के अंदर एसडीएम निशा नापित की सनसनी खेज हत्या का खुलासा किया गया है जिसमें पुलिस उपमहानिरीक्षण महोदय रेंज बालाघाट के द्वारा पुलिस विवेचना में लगे अधिकारीध्कर्मचारी को बीस हजार रूपये नगद इनाम की घोषणा किये है जिसमें थाना शहपुरा पुलिस थाना प्रभारी निरी एस. एल मरकाम स्टॉफ व उनि, मनोज त्रिपाठी थाना मेहंदवानी सउनि संतोष यादव चैकी प्रभारी विक्रमपुर के द्वारा विवेचना में सहयोग कर अंधी हत्या का खुलासा किया गया है।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी लोगों को नसीब नहीं हो रहा पानी, जल जीवन मिशन योजना की खुली पोल






## ग्रामीणों को नहीं मिल रही पेयजल की समस्या से निजात

## मामला ग्राम पंचायत बस्तरा माल का ग्रामीण विभाग के काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

प्रदेश में आज भी अनेक ऐसे गांव व कस्बे है. जहाँ पर लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. कई ग्रामीण इलाको में रहने वाले लोग आज भी ढोढी का पानी पीने के लिए उपयोग करते है, क्योंकि दूरस्थ क्षेत्रों में सरकार की योजनाएं अधिकारियों के लापरवाही के कारण नहीं पहुंच पाती हैं. यदि किसी तरह योजनाएं पहुँच भी जाए तो योजना के लिए मिलने वाली शासकीय राशि का बंदरबाट नीचे से ऊपर तक के अधिकारी कर्मचारी हजम कर जाते है. जिसका नतीजा यह होता है कि विभिन्न योजना से संबंधित कार्य आधे अधूरे में बंद हो जाते है. ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी पानी की होती है. बरसात के मौसम में किसी तरह तो पानी मिल जाता है लेकिन गर्मी के मौसम में आस-पास के कुएं, छोटे नाले सूख जाने के कारण लोगों को लम्बी दूरी तय कर पानी की व्यवस्था अपने परिवार के लिए करनी होती है.

### ऐसा ही मामला डिंडोरी जिला की शाहपुरा क्षेत्र बस्तरा गांव का है

डिंडौरी जिले में पिछले लगभग तीन सालो से जल जीवन मिशन योजना (श्रंस श्रममअंद डपेपवदे बीमउम) के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य किए गए हैं जिससे कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके लेकिन इस योजना में भी आपसी मिलीभगत कर घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायते मिल रही है. इस योजना के तहत गांव-गांव में टंकी का निर्माण कराया जा रहा है. इसके बाद उन टंकी से पानी के लिए लाईन का विस्तार करते हुए लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई की व्यवस्था की जानी है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे पानी उपलब्ध हो सके।

### निर्माण के बाद भी पानी नहीं

जिले के जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत अनेक ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकी निर्माण करा लिया गया है. साथ ही गांव में निवासरत लोगों के घर में पानी के लिए टोटी भी नही लगी है लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण निर्माण कार्य भारी भ्रष्टाचार किया गया है जिससे ग्रामीणों सपनों पर पानी फेर दिया गया है के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है. जिसके कारण सरकार के इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है. लोग पानी की आस लगाए हुए बैठे हैं कि कब टोटी से पानी आएगा और हम लोग घर पर ही पानी ले सकेंगे लेकिन गांव में इसका उल्टा ही देखने को मिल रहा है इस बात से स्वंय अंदाजा लगाया जा सकता है कि जल जीवन मिशन की योजनाएं का लाभ कितनो को मिल पा रहा होगा.

### मॉनिटरिंग का अभाव

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के कारण सही समय पर निरीक्षण नहीं किया जाता. जिसके कारण इस कार्य को कर रहे नए ठेकेदारों के द्वारा कार्य को सही ढंग से नहीं करने के कारण कई स्थानों पर परेशानी हो रही है. यदि तकनीकी अधिकारियों का मार्गदर्शन सही समय पर उन ठेकेदारों को मिल जाता तो शायद आज कई नलो के टोटियों में से पानी की बूंद निकलने लगती।



# वाईएफसी मंडला को परास्त कर घंसौर टीम फाइनल में

### घंसौर टीम के आशु श्रीवास्तव बने मेन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्वर्गीय लोकमन साहू स्टेडियम में 3 दिसंबर से चल रही टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में घंसौर और वाईएफसी मंडला के मध्य मैच खेला गया। टॉस वाईएफसी मंडला के कप्तान ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वाईएफसी मंडला ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 125 रन बनाएं। मंडला के तरफ से सबसे ज्यादा 33 रन अमन गौतम ने 25 गेंदों में 2 चैके व 2 छक्कों की मदद से बनाएं। जबकि उमेश बैरागी 23 गेंदों में 29 रन, अमन कछवाहा 21 गेंदों में 26 रन वहीं पर ललित तिवारी ने अपने टीम के लिए 15 रनों का योगदान दिया। घंसौर की तरफ से गेंदबाजी में सबसे ज्यादा 4 विकेट अजिंक्या कुशराम ने लिए वही हर्षित बर्मन 2 विकेट, आशु श्रीवास्तव व सौरव दाहिया को 1-1 विकेट मिले। 126 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी घंसौर की टीम 10 ओवर में ही 1 विकेट गंवाकर 128 रन बनाकर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। घंसौर की तरफ से सबसे ज्यादा नाबाद 55 रन आशु श्रीवास्तव ने 31 गेंदों खेलकर 10 चैके व 1 छक्के के मदद से बनाएं। जबकि सौरव दाहिया नाबाद 34 रन 19 गेंदों में 4 चैके व 2 शानदार छक्कों के मदद से बनाएं। अंकित मिश्रा 20 रन 11 गेंदों में 3 चैके व 1 छक्के से मदद से बनाएं। वहीं वाईएफसी मंडला के गेंदबाज अमन चिचाम ने 1 विकेट लिया। घंसौर टीम के नाबाद 55 रन और 1 विकेट हासिल करने वाले आशु श्रीवास्तव को आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया। इस मैच के एम्पायर अमजद खान एवं आकाश नामदेव रहे। स्कोरर सूर्या मिश्रा, आनलाईन स्कोरिंग शिवम वनवासी व केमेट्री प्रदीप बनवासी एवं प्रवीण बर्मन के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बुधवार को वाईएससी अमरपुर एवं सीबी कालेज डिंडौरी के मध्य दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा।

# माथा टेक कर मांगी मुराद, बप्पा हरेंगे संकट

## श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में लगा मेला







तिल संकट चतुर्थी पर हुई विशेष पूजा-पाठ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीते बर्षों की भांति गत दिवस भी ऐतिहासिक श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में तिल संकटा चतुर्थी पर भगवान सिद्धि विनायक का विशेष पूजन अर्चन अभिषेक हुआ। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी एक दिवसीय मेला भी आयोजित हुआ। वहीं क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाले भक्तजनों ने विशेष तौर पर तिल के लड्डुओं सहित विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग भी अर्पण कर भगवान के समक्ष माथा टेका व मन्नत मांगी।

### फहराई गई धर्म ध्वजा

मंदिर के व्यवस्थापक पं शैलेष पुरोहित ने बताया कि सूर्योदय के तुरंत बाद पं कृष्णकांत उदेनिया व पं.विनोद मिश्रा ने वेद मंत्रों के बीच विनायक सरकार का पावन अभिषेक, आरती व महाप्रसाद वितरण हुआ। उल्लेखनीय है सिद्वपीठ के संस्थापक स्वर्गीय पं कृष्णकुमार पुरोहित के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन तीस वर्षो पहले शुरू किया गया था। जिसका पावन उद्देश्य महर्षि वेद व्यास के सांसारिक सार सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया को लेकर भगवान के भक्तों के भय, रोग, चिन्ता मुक्ति का रहता है। इस अवसर पर धर्मध्वजा भी फहरायी गयी।

### मेले में हुई जमकर खरीददारी

मंदिर परिसर में आयोजित मेले में हर वर्ग के लोगों के जमकर खरीददारी की तथा झूलों व चाट पकवानों का आनंद लिया। देर रात तक मेले व मंदिर में नागरिकों का आना-जाना लगा रहा। मेले में पुलिस प्रशासन की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने भी पूर्व में ही साफ-सफाई बिजली व्यवस्था आदि की थी। सिद्वी विनायक आरती मंडल के सदस्यों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में किशन गुप्ता (सेठजी) संजय जैन, आशीष सोनकिया, अजय साहू, शरद शर्मा, बुद्धि प्रसाद विश्वकर्मा, राहुल व रोहित मेहरा, पप्पू पटेल,अन्नीलाल प्रजापति, पवन नेमा, मोहित सराठे, आकाश रजक, सुरेश पटैल, तुलसीराम पटैल, सौरभ नोरिया, राजेश विश्वकर्मा, हर्षित व दीप विश्वकर्मा, संजय व योगराज महोबिया ने समस्त सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

शासकीय हाई स्कूल तथा माध्यमिक शाला खापा शेढ़ में 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ एवं ग्रामीण लोगों के सहयोग से ग्राम में रैली निकाली गई। ग्राम के विभिन्न शासकीय स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया। शासकीय हाई स्कूल खापा शेड में प्राचार्य एस के बक्शी, माध्यमिक शाला खापा में प्रधान पाठक राजकुंर ठाकुर तथा ग्राम पंचायत में सरपंच रूपलाल ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार तथा अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। शिक्षक विनोद झारिया के द्वारा गणतंत्र दिवस से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सरपंच रूपलाल ठाकुर,जनप्रतिनिधि अन्नीलाल ठाकुर, नंदराम ठाकुर,अतुल ठाकुर, पंचायत सचिव पुरुषोत्तम उपाध्याय, शिक्षक आशीष विश्वकर्मा, प्रीति धुर्वे, गेंदालाल काछी, अभिषेक नेमा, राम मनोहर मुड़यिा, अनुपमा सराठे, नजीर खान सहित समस्त स्टाफ, ग्रामीण और अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भूपेंद्र पटेल तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक ओंकार गोस्वामी के द्वारा किया गया ।

# छात्र-छात्रा ने दी मनमोहन प्रस्तुतियां

## आर डी आई प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस शिक्षा के क्षेत्र में नवांकुर रोशन धोरेलिया इंटरनेशनल प्ले स्कूल ने अपना पहला वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत संचालक एवं प्राचार्य द्वारा बच्चों के अतिथियों (बच्चों के दादा दादी) का स्वागत संस्था के पर्यावरण संरक्षण सरोकारों और सजगता के तहत पौधे प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें नोनिहालो ने अपनी नाट्य, भाष्य और नृत्य कला से सभी दर्शकों और अभिभावकों को भाव विभोर करे दिया । सर्व प्रथम गणेश वंदना , कव्वाली गा कर सुनाई गई कृष्ण सुदामा नाटिका का मंचन भव्य और शिक्षाप्रद रहा. बच्चों ने अपनी अद्भुत अभिनय क्षमता दिखाई सांस्कृतिक कार्यक्रम के हर एक पहलू में , विद्यार्थियों के थिरकते कदमों में विद्यालय के उज्वल भविष्य की एक सुनिश्चित झलक दिखाई दी अपने माता पिता और दादा दादी के सामने जब बच्चों ने अपने हुनर प्रस्तुत किये तो सभी भावुक हो उठे । विद्यालय संचालक इंजी प्रसून धोरेलिया और प्राचार्य इंजी सोनाली धोरेलिया ने कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को उनके वर्ष भर शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल स्पधार्ओं में उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया ।अपने संक्षिप्त सारगर्भित उदबोधन में प्राचार्य इंजी सोनाली धोरेलिया ने शिक्षा जगत में अपने मजबूत इरादों और इच्छा शक्ति को रेखांकित करते हुए विद्यालय में सभी नवाचारों, सर्व सुविधा संपन्न कक्षाओं (स्मार्ट क्लासेस), और सभी आधुनिक सुविधाओ के होने तथा आने वाले समय में उनमें विस्तार करने, बच्चों के आत्म विश्वास और चरित्र निर्माण में सहायक शिक्षा उपलब्ध कराने का अपना संकल्प दोहराया । उन्होंने अभिभावकों के सतत विश्वास और सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया ।



# श्री तिवारी बहुत अच्छे इंसान थे : स्वाती




हरिभूमि न्यूज - करेली ।

प्रतिबर्षनुसार इस बर्ष भी वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, और साहित्यकार स्वर्गीय पंडित महादेव प्रसाद तिवारी की स्मृति में स्थानीय सामुदायिक पंडित विद्या प्रसाद गुरु वृद्ध आश्रम व्याख्यान माला को मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. स्वाति चंदोर कर ने व्याख्यान माला में वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब मनुष्य व्यक्ति का पुण्य स्मरण होता है यही पूरे जीवन के कार्य करने की पद्धति को दशार्ता है जीवन की सार्थकता तभी रहती है जब उसके न रहने के बाद भी याद किया जाए श्री तिवारी बहुत अच्छे मनुष्य ही नहीं बल्कि मातृ भूमि के भी उपासक थे में आयोजन कर्ता यो को ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई देती हूं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली के प्राचार्य डॉ यू एस परमार द्वारा कहां गया कि साहित्यिक कार्यकम स्मृति में युवा विचार मंच के माध्यम के द्वारा तूती की आवाज की पंक्तियां समर्पित करता हूं वह हमेशा कहते थे कि अपनी बात को किस तरह से रखना है यह जानकारी होना चाहिए मेरी बस्ती के लोग मुझे आफतालून कहते हैं श्री परमार ने तूती की आवाज की पंक्तियां और अफलातून की पंक्तियों की विस्तृत व्याख्या की गई, इस अवसर पर उपस्थित विद्वान वरिष्ठ शिक्षाविद ताराचंद पाराशर, डाक्टर राजेंद्र सिंह किलेदार, डाक्टर विश्वनाथ सोनी, डॉक्टर अनंत दूबे, साहित्यकार अजय तुलसी, वरिष्ठ साहित्यकार बाबूलाल दुबे, समाजसेवी जगदीश मिश्रा पत्रकार अमित जैन के आदि के,द्वारा व्याख्यानमाला में अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री तिवारी जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाल इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक विपिन फौजदार द्वारा स्वर्गीय पंडित महादेव प्रसाद तिवारी के रचनाओं का वाचन किया गया, इस अवसर पर करेली नगर के वयोवद्ध शिक्षाविद समाजसेवी शंकरलाल अग्रवाल एव आदर्श जीवन शैली जीने वाले चन्द्रभान चौबे का शाल श्री फल देकर सम्मान किया गया । अतिथियों का स्वागत स्वर्गीय पंडित श्री तिवारी के सुपुत्र गुरु चरण तिवारी, अनिल तिवारी के द्वारा किया गया ।

# मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्य प्रदेश शासन से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष बीते दिवस दिनांक 25 जनवरी 2024 दिन गुरुवार को रामाधार साहू (रिट. शिक्षक) के निज निवास एवम संतोष साहू (एजेन्सी) जिला अध्यक्ष भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा मेन रोड वालों के निज निवास में अल्प प्रवास पर पधारे वहां उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने उनके आगमन पर फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया किया । तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकरण अनेकों समाज हित व समाज विकास में हितकारी बातें रखी और कहा की समाज में राजनीति ना करें बल्कि समाज के विकास व उत्थान हेतु राजनीति कर समाज का विकास करें हम अलग अलग दल में शामिल होते हुए भी अपने समाज की ताकत का अहसास दिलाएं जिससे स्वयं राजनीतिक पार्टी में आपका व समाज का वर्चस्व कायम रहे साथ ही अनेकों नवाचार भी बताए । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहन लाल साहू ,सुभाष साहू तुला दाल मिल, रमेश साहू , पत्रकार बंटी साहू, संतोष साहू, हरिराम साहू, जितेंद्र साहू ,रोहित साहू , विनोद साहू सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# टीएल बैठक संपन्न, कलेक्टर ने की कार्यो की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का गंभीरता से संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के वेतन, भत्ते आदि का भुगतान समय पर हो। साथ ही उन्हें दिया जाने वाला समयमान वेतनमान समय पर लागू किया जाये। विभाग प्रमुख इसकी पूर्व से तैयारी रखें। जन आकांक्षा पोर्टल पर अधिकारी अद्यतन जानकारी दर्ज करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, समस्त एसडीएम और अन्य अधिकारी मौजदू थे। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समस्त सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई- केवाईसी का कार्य आगामी 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। इसके अलावा संबल 2.0 योजना अन्तर्गत लंबित आवेदनों का भी निराकरण समय सीमा के भीतर करवाया जाये, ताकि पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिल सकें।



## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास से मनाया 75वां गणतंत्र दिवस



**करेली।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 जनवरी को आजादी के अमृतकाल का 75 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार एवं उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई साथ ही उन्हें सभी स्टाफ और विद्यार्थियों के द्वारा सलामी दी गई। प्राचार्य डॉ यू एस परमार द्वारा महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया इसके उपरांत सलामी एवं सभी के द्वारा राष्ट्रगान हुआ । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक,कर्मचारी एवं एनसीसी कैडिट्स,एनएसएस स्वयंसेवक और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही साथ ही एनसीसी द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात परेड की गई एवं सलामी दी गई इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को केडिस्ट्स द्वारा सैल्यूट दिया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ पंकज नेमा एवं लेफ्टिनेंट अंशुल नेमा द्वारा किया गया।

### हल्दी कुमकुम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस इनर व्हील क्लब द्वारा हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया। क्लब के द्वारा हिंदू संस्कृति से जुड़े पर्वो के विषय में चर्चा हुई साथ त्यौहारो को धूम धाम से मनाया गया । इसमें क्लब की अध्यक्ष भारती ठाकुर, सचिव तुलसी सक्सेना सीमा स्थापक, मंजूषा सेन,पूर्व अध्यक्ष सुमन साहू, सोनाली धोरालिया, शोभा पाल, पूनम जैन , विमला ठाकुर, रजनी राजोरिया, प्रतिभा राय, सोनाली, जोती नेमा, बबली ठाकुर, छाया मुड़िया, सुनीता गोटे, सुनीता राजपूत, नेहा नेमा, अर्चना राय, डिंपल जाट, पूजा साहू, विंध्या तिवारी, दिशा मालूम, शिवांगी साहू, पूनम जैन, अपर्णा जायसवाल, रेनू जायसवाल, दुर्गा राजपूत, रानू अवधिया,रश्मी सलूजा की उपस्थिति रही।

### मुनिश्री जी का नगर आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** धर्म नगरी नरसिंहपुर के असीम पुण्योदय से महर्षि आचार्य श्री 108 विधासागर जी गुरूदेव के परम प्रभावक शिष्य प्रथम निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समय सागर जी, संघस्थ पूज्य मुनि श्री 108 प्रशस्त सागर जी, पूज्य मुनि श्री 108 मल्लि सागर जी, एवं पूज्य मुनि श्री108 अजित सागर जी, संघस्थ, पूज्य एलक श्री दया सागर जी पूज्य एलक श्री विवेकानंद सागर जी महाराज ससंघ का मंगल आगमन नरसिंहपुर मंगलवार को हों रहा है। जैन समाज ने सभी धमार्नुरागी जनो से प्रातः 8 बजे टटटा पुल चावरा स्कूल के आगे या खैरी नाका पर पहुंच कर आगवानी की जावेगी ।

### संयुक्त संचालक ने परीक्षा पर चर्चा प्रसारण में की सहभागिता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और मण्डल जिला प्रभारी व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा में मार्गदर्शन एवं तनाव मुक्त रहने संबंधी भारत मंडप प्रगति मैदान नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम मार्गदर्शन का प्रसारण प्रोजेक्टर व यूट्यूब लिंक के माध्यम से जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में किया गया, जिसमें अध्ययनरत कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक की छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई।